सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

परिवर्तित बजट 2014-2015

श्रीमती वसुन्धरा राजे

मुख्यमंत्री
का बजट भाषण

14 जुलाई, 2014

श्रावण कृष्ण २–३, विक्रम संवत् २०७१

परिवर्तित बजट 2014 - 2015

सुशासन एवं राजकीय सेवाओं की बेहतर डिलिवरी

1. सूचना प्रौद्योगिकी और संचार तकनीक का प्रभावी उपयोग करने हेतु राजनेट परियोजना द्वारा वर्ष 2014–15 में 9 हजार 177 ग्राम पंचायतों को जोड़ने तथा समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों में IP फोन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

2. सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से आम आदमी को 35 विभागों की 50 सेवायें उसके निवास के निकट ही ई–मित्रा केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध करवायी जा रही है। वर्ष 2014–15 में इन सेवाओं का विस्तार कर 100 किया जायेगा। साथ ही प्रत्येक पंचायत पर एक IT Service Centre खोला जायेगा।

3. पूर्व में समस्त जिला मुख्यालयों के मध्य विडियो कॉंफ्रेंसिंग की सुविधा प्रारंभ की गई थी। इस सुविधा को अब पंचायत समिति स्तर तक बढ़ाया जायेगा।

4. लोगों की समस्याओं के तीव्र, सरल और systematic निराकरण के लिए हमने ''राजस्थान संपर्क'' का portal स्थापित किया है। इस पोर्टल के माध्यम से जन–सुनवाई और अन्य सभी जनसंपर्क माध्यमों का समावेश किया जायेगा, जिससे एक ही मंच पर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सकेगा।

5. राज्य के लिए एक ही GIS platform तैयार करने की योजना बनाई गयी है, जिससे सभी को आवश्यक सूचना नियमित रूप से संबंधित नक्शे पर चिन्हित रूप में प्राप्त हो सकेगी। इस परियोजना हेतु वर्ष 2014–15 में 8 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।